साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-37 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

FIR के बाद कानून बदल जाए तो सजा का निर्धारण कैसे होगा, जानिए- Legal advice

लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

अपराधियों के संरक्षण में कार्योत्तर विधि से संरक्षण का मौलिक अधिकार क्या है

भारतीय संविधान में अनुच्छेद 20 अपराधों के लिए दोषसिद्धि के संबंध में आरोपी एवं अपराधियों को संरक्षण के मौलिक अधिकार देता है क्योंकि भारत की न्यायपालिका में दण्डादेश सुधारात्मक होते हैं कुछ जघन्य अपराधों को छोड़कर बाकी अपराधों में अपराधी को सुधारने के लिए जेल में डाला जाता है ताकि वहाँ सजा काटने के बाद जब वह बाहर आए तो एक अच्छे नागरिक की तरह जीवन जिए। आज हम जानते है कि संविधान में अपराधियों को प्राप्त कार्योत्तर विधि से संरक्षण का मौलिक अधिकार क्या है जानिए।

भारतीय संविधान अधिनियम, 1950 के अनुच्छेद 20(1) की परिभाषा–

किसी व्यक्ति को केवल उस समय की लागू विधि के अनुसार ही दण्ड दिया जाएगा जिस समय उसने अपराध किया था, चाहे निर्णय वर्तमान समय में सुनाया जा रहा है और उस विधि में अब संशोधन कर दिया गया हो।

इसे हम उधानुसार समझते हैं एक व्यक्ति 1970 में चोरी का अपराध करता है एवं उस समय चोरी के अपराध की सजा मात्र 6 माह थी लेकिन आरोपी का अपराध 1980 में सिद्ध हो पता है तब चोरी के अपराध की सजा, संशोधन होकर तीन वर्ष हो गई है तब उस आरोपी को 1970 की विधि के अनुसार ही दण्ड दिया जाएगा न की संशोधित विधि के अनुसार।

Fundamental rights in India

अर्थात भारतीय संविधान का अनुच्छेद 20(1) पुराने आरोपी एवं अपराधी को वर्तमान लागू विधि से संरक्षण दिलाता है एवं उनको उक्त मौलिक अधिकार प्रदान करता है।

विशेष नोट– यह मोलिक अधिकार केवल आपराधिक मामलों के आरोपियों को प्राप्त होते हैं,सिविल मामलों के आरोपियों को नहीं।

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर दे रही हैं मध्यप्रदेश के विकास को गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश के विकास को गति प्रदान कर रहे हैं। ग्वालियर को टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रमुख केंद्र बनाने की पहल के साथ जबलपुर-इंदौर आर्थिक कॉरिडोर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान करेगा। महाकौशल और मालवा को जोड़ने की इस पहल से रायसेन जैसे जिले भी लाभान्वित होंगे जो इस कॉरिडोर के मध्य स्थित हैं और वर्तमान में सघन आर्थिक गतिविधियों से वंचित हैं। पर्यटन क्षेत्र का भी विकास होगा। प्रदेश के विकास का यही समय है और सही समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में फेडरेशन ऑफ एम.पी. चेम?बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंण्डस्ट्री के दो दिवसीय विकसित भारत उद्योग व्यापार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। सम्मेलन में विभिन्न उद्यमियों द्वारा प्रदेश में 7500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में ढाई वर्ष में 12 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। सभी सेक्टर्स में मध्यप्रदेश अपनी स्थिति सुदृढ़ कर रहा है। पारदर्शी नीतियां लागू किए जाने से निवेशकों को उद्योग स्थापना में कोई कठिनाई नहीं हो रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध का लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रतिदिन ही निवेश संवर्धन कार्यक्रम और गतिविधियां हो रही हैं।

सुख का सवेरा लाता है उद्योग जगत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे उद्यमी विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के माध्यम से सभी नागरिकों के जीवन में सुख का सवेरा लाने का कार्य करते हैं। व्यापार और उद्योग क्षेत्र के पुण्य कार्यों से लाखों परिवारों की जीविका चलती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए उद्योग जगत की

सक्रियता सराहनीय है।

भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं दुनिया के बड़े देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया के बड़े देश भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं। अमेरिका भी भारत की निर्वाचन प्रणाली को अपनाने के लिए लालायित है। मध्यप्रदेश में कोई कमी नहीं है। कृषि के विकास के साथ आर्थिक समृद्धि पर फोकस करने की आवश्यकता है।

अन्य राज्य भी अपना रहे मध्यप्रदेश का मॉडल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट दूसरी बार हो रही है। प्रदेश को उद्योगों के अनुकूल बनाया गया है। मध्यप्रदेश का रीजनल औद्योगिक कॉन्क्लेव करने का मॉडल बाकी राज्यों ने पसंद किया है। कई राज्य इसे अपना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बीना में डाउनस्ट्रीम रिफाइनरी के लिए 50 हजार करोड़ रूपये के निवेश संबंधित पूर्व में किये गये भूमि-पूजन से आने वाले समय में प्रतिवर्ष 22 लाख टन से अधिक पेट्रोकेमिकल उत्पाद तैयार हो सकेगें। मध्यप्रदेश ही नहीं संपूर्ण देश के विकास की गति तेज हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फेडरेशन द्वारा प्रकाशित विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन किया। एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाने का कार्य किया है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में लगभग एक दर्जन फेडरेशन से जुड़े सैकड़ों उद्यमी हिस्सा ले रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों से उद्यमी हिस्सा लेने आए हैं। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश में रीजनल डेवलपमेंट प्लान और मेट्रोपॉलिटन एरिया जैसी अभिनव पहल की गई हैं। उद्योग और व्यापार जगत में विश्वास का वातावरण निर्मित हुआ है।

क्या कोई पुलिस अधिकारी किसी गवाह को मजिस्ट्रेट के सामने जाने से रोक सकता है- BNSS SECTION-191

कभी-कभी किसी आपराधिक मामले में इन्वेस्टिगेशन ऑफीसर गलती से या जानबूझकर किसी गवाह का नाम एवं उसका बयान अपनी इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट में शामिल नहीं करता और मामले को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देता है। सवाल यह है कि क्या ऐसी स्थिति में वह गवाह सीधे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत होकर गवाही दे सकता है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 191 की परिभाषा

लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665

कोई भी शिकायतकर्ता या साक्षी को पुलिस अधिकारी किसी अपराध की शिकायत करने के लिए रोक नहीं सकता है। वह अपनी इच्छा अनुसार मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हो सकता है एवं गवाह भी अपनी स्वयं की इच्छा से मजिस्ट्रेट को गवाही दे सकता है। इसके लिए पुलिस अधिकारी किसी भी प्रकार की रोक नहीं लगा सकता है।

लेकिन अगर कोई व्यक्ति जो समझौता अपराध में जमानत बंध पत्र द्वारा छोड़ दिया गया है। तब ऐसे परिवादी या साक्षियों को बंध पत्र की शर्तों के अनुसार हाजिर होना होगा न कि स्वयं विवेक पर।

श्रम विभाग द्वारा सांवेर क्षेत्र में निर्माण स्थल पर श्रमिकों हेतु पंजीयन शिविर आयोजित

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने एवं उन्हें योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम -भोरासला, अरविंदो हॉस्पिटल के सामने निर्माण किए जा रहे आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रोजेक्ट के निर्माण स्थल पर कार्यरत श्रमिको हेतु पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं, उनके लाभ एवं पात्रता संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी कार्यरत श्रमिकों का डिजिटल लेबर चौक ऐप पर पंजीयन कराया गया तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन करवाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही श्रमिकों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया तथा योजनाओं से जुड़कर अपने सामाजिक एवं आर्थिक भविष्य को सुरक्षित

करने के लिए प्रेरित किया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों के संरक्षण, कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से इस प्रकार के जगरूकता एवं पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

विदिशा में 22 नवंबर को होगा चतुर्थ रविदास वंशीय राष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन, रंगीन स्मारिका का भी होगा प्रकाशन

विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिवारों से बायोडाटा भेजने की अपील, रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में सुबह 10 बजे से होगा आयोजन

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

विदिशा। शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ जिला विदिशा एवं विदिशा संत रविदास सेवा समिति (पंजीकृत संस्था) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 22 नवंबर 2026 को चतुर्थ रविदास वंशीय राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन, विदिशा (मध्य प्रदेश) में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

आयोजन समिति के अनुसार, सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक मंच प्रदान करना तथा उनके परिवारों को आपसी परिचय के माध्यम से वैवाहिक संबंध स्थापित करने का अवसर उपलब्ध कराना है। इस सम्मेलन में अहिरवार, जाटव, सूर्यवंशी, रैदास, सिलावट, दोहरे, सुनहरे, रोहित, जांगड़ा, कुरील सहित अन्य संबंधित समाजों के विवाह योग्य युवक-युवतियों को शामिल किया जाएगा।

विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा आमंत्रित

आयोजन समिति ने समाज के सभी परिवारों, सामाजिक बंधुओं, रिश्तेदारों एवं मित्रों से अपील की है कि वे अपने परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें परिचय सम्मेलन की पत्रिका में शामिल कर सम्मेलन के दौरान परिचय का अवसर प्रदान किया जा सके।

रंगीन स्मारिका का होगा प्रकाशन

परिचय सम्मेलन के अवसर पर एक रंगीन स्मारिका/पत्रिका का भी प्रकाशन किया जाएगा। इसमें समाज के परिवारों, व्यापारियों, प्रतिष्ठान संचालकों एवं सामाजिक बंधुओं को अपने परिवार, दुकान, प्रतिष्ठान और व्यवसाय से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित कराने का अवसर मिलेगा। इच्छुक व्यक्ति विज्ञापन सामग्री उपलब्ध कराने एवं अन्य जानकारी के लिए आयोजन समिति से संपर्क कर सकते हैं। आयोजन समिति ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। साथ ही विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा एवं विज्ञापन सामग्री समय पर भेजने का आग्रह किया है।

संपर्क सूत्र

सम्मेलन से संबंधित जानकारी एवं बायोडाटा भेजने के लिए निम्नलिखित संपर्क सूत्रों पर संपर्क किया जा सकता है–

संजय (संजू भैया)= 9174229662
पंकज अहिरवार= 9827326700
कैलाश चंद्रवंशी= 9981060461
कृष्णकांत (गोलू चौधरी)= 8839938188
मोहन मांडरे= 9893485708
डॉ. चंदन सिंह चौधरी= 9893485708
रामचरण सूर्यवंशी= 9617333694
जितेंद्र अहिरवार= 9893194695
देवेंद्र सूर्यवंशी= 9893267170

आयोजन समिति

अध्यक्ष, परिचय सम्मेलन आयोजन समिति= मोहन मांडरे
संरक्षक= संजय (संजू भैया)
जिला अध्यक्ष, शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ= कृष्णकांत (गोलू चौधरी), पार्षद।
आयोजन समिति के सदस्य= पंकज अहिरवार, प्रकाश पेंटर अहिरवार, देवेंद्र सूर्यवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, डॉ. चंदन सिंह, जितेंद्र कुमार अहिरवार, रामचरण सूर्यवंशी, नंदू अहिरवार, डॉ. महेंद्र दिवाकर, रामसेवक सूर्यवंशी, रवि अहिरवार, राजेश प्रभाकर, सन्नी अहिरवार, डॉ. राजेश अहिरवार, सनमान जाटव, भुजबल सिंह चौधरी, अजय पटवारी एवं चीकू सातोईया सहित अन्य सामाजिक बंधु!

आशिमा मॉल फ्लाईओवर का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि आशिमा मॉल से बावड़िया गांव होते हुए सेज अपोलो अस्पताल के समीप नर्मदापुरम मार्ग को जोड़ने वाला प्रस्तावित फ्लाईओवर बनेगा। जो क्षेत्र की आबादी के सुगम आवागमन के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध होगा। अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य में गति लाएं तथा कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न करें।÷ यह निर्देश कृष्णा गौर ने बुधवार को अपने निवास कार्यालय ÷समाधान÷ में आयोजित समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। राज्यमंत्री गौर ने होशंगाबाद मार्ग स्थित आशिमा मॉल फ्लाईओवर के निर्माण में हो रहे विलंब पर गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में यातायात के दबाव को कम करने और आमजन की सुविधा के उद्देश्य से इस परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि प्रस्तावित फ्लाईओवर की कुल लंबाई लगभग 1,183 मीटर होगी। इसमें 733 मीटर मुख्य ब्रिज स्ट्रक्चर तथा दोनों ओर लगभग 400 मीटर लंबी एप्रोच एवं सर्विस रोड का निर्माण शामिल है। इस सेतु की चौड़ाई 15.5 मीटर निर्धारित की गई है। यह फ्लाईओवर आशिमा मॉल के समीप से प्रारंभ होकर बावड़िया गांव को पार करते हुए सेज अपोलो अस्पताल के निकट नर्मदापुरम मुख्य मार्ग से जुड़ेगा। इसके निर्माण से संपूर्ण क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और नागरिकों को आवागमन में सुगमता प्राप्त होगी।

मातृ मृत्यु दर शून्य करने पर हुआ मंथन सुमन रोडमैप-2030 पर हुई कार्यशाला

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा यूएनएफपीए मध्यप्रदेश के सहयोग से सुमन रोडमैप 2030 ङ्क देखभाल की निरंतरता में तेजी विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान एवं प्रबंधन, प्रसव कक्षों में गुणवत्ता सुधार, प्रसूति संबंधी जटिलताओं के प्रभावी प्रबंधन तथा मातृ मृत्यु निगरानी एवं प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। कार्यशाला का उद्देश्य सुमन के तहत निर्धारित लक्ष्यों को जिला स्तर पर प्रभावी कार्ययोजनाओं में परिवर्तित कर प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित मातृत्व सेवाएं उपलब्ध कराना तथा रोकथाम योग्य मातृ मृत्यु को शून्य करना है। एनएचएम मध्यप्रदेश एवं यूएनएफपीए ने इस दिशा में जिलों को तकनीकी एवं कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यशाला को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अपर आयुक्त डॉ. पवन कुमार ने वर्चुअल संबोधित किया। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री धनराजू एस, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना एवं मातृ स्वास्थ्य की वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. अर्चना मिश्रा ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की रणनीति पर विचार साझा किए। कार्यशाला में प्रदेश के सभी 52 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी तथा कार्यक्रम प्रबंधक शामिल हुए।

उदयपुरा में निकला भव्य बाल पथ संचलन, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

अनुशासन और देशभक्ति के रंग में रंगा नगर, नागरिकों ने किया बाल स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत



हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

उदयपुरा, रायसेन। नगर में हाल ही में बाल स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन ने नगर में उत्सवी माहौल बना दिया। पथ संचलन में शामिल नन्हे बाल स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरकर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बाल स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। नागरिकों ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। मार्ग में जगह-जगह हुए स्वागत से बाल स्वयंसेवकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला।

अनुशासन और एकता का दिया संदेश

बाल स्वयंसेवकों ने पूरे अनुशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन में भाग लिया। आयोजन के दौरान नगर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल नजर आया। पथ संचलन को देखने के लिए स्थानीय नागरिकों की भी अच्छी उपस्थिति रही। नगर के प्रमुख मार्गों से निकले इस संचलन के दौरान लोगों ने पुष्पवर्षा कर बाल स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

नगर में दिखा उत्साह

बाल पथ संचलन के दौरान जगह-जगह नागरिकों द्वारा किए गए स्वागत ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, एकता और सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करने का संदेश देखने को मिला ।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रही है अंगदान के प्रति जागरुकता महिला के अंगदान से तीन लोगों को मिला जीवन

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिलाश टांटी शर्मा (शिवानी) के एम्स, भोपाल में अंगदान से तीन लोगों को जीवन मिला है। नर्मदापुरम जिले में बनखेड़ी के ग्राम खापा खुर्द निवासी श्रीमती शर्मा सड़क दुर्घटना में ब्रेन डेड हुई थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि असहनीय दुःख की घड़ी में उनके परिजन ने अंगदान का निर्णय लेकर मानवता, संवेदनशीलता और परोपकार की ऐसी मिसाल पेश की, जो सभी को प्रेरित करेगी। राज्य शासन के निर्णय अनुसार स्व. शिवानी के पैतृक गांव में पार्थिव देह को मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रही है अंगदान के प्रति जागरुकता मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस पहल से अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है, साथ ही इससे अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। समाज में जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है। स्व. शिवानी का यह महादान तीन परिवारों के जीवन में नई उम्मीद बनकर आया है। उनका योगदान मानवता के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।

संत शिरोमणि रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि का चयन, ग्रामीणों व युवाओं में भारी उत्साह

● संत शिरोमणि रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि का चयन, ग्रामीणों व युवाओं में भारी उत्साह ● ग्रामीण समिति ने किया स्थल निरीक्षण, आगामी बैठक में तय होगी निर्माण की रूपरेखा

कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

शहडोल/कुदरी - क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण को लेकर सामाजिक समरसता और उत्साह का माहौल देखने को मिला। आज ग्रामीणों एवं संत शिरोमणि रविदास समिति के पदाधिकारियों ने एक स्वर में एकजुट होकर मंदिर निर्माण के लिए भूमि का स्थल निरीक्षण किया और स्थान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित कराया।

?भूमि चयन के इस पावन कार्य में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान युवाओं की ऊर्जा और सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। वहीं, क्षेत्र के वरिष्ठ, अनुभवी एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने मार्गदर्शन और सहयोग से पूरे निर्णय को सर्वसम्मति से अमलीजामा पहनाया।

?मौके पर उपस्थित प्रबुद्धजनों ने कहा कि संत रविदास जी के विचार और उनकी शिक्षाएं समूचे समाज को एकता और भाईचारे का संदेश देती हैं। यह मंदिर क्षेत्र में आस्था के साथ-साथ सामाजिक चेतना और समरसता का केंद्र बनेगा।

?वरिष्ठजनों एवं ग्रामीणों की रही गरिमामयी उपस्थिति

भूमि सुरक्षित करवाने के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं मार्गदर्शकों में प्रमुख रूप से मुकुंदी अहिरवार, अर्जुन अहिरवार, जगदीश अहिरवार, दीनबंधु अहिरवार , मूलचंद अहिरवार, रामकृपाल अहिरवार, लोकनाथ अहिरवार, मनोज अहिरवार, गोरेलाल अहिरवार, नानदाऊ अहिरवार, भुनेश्वर अहिरवार, दिनेश अहिरवार, कपूरचंद अहिरवार, कैलाश कुमार अहिरवार - (पत्रकार - युवा समाजसेवी), दिलीप अहिरवार, वीरेंद्र अहिरवार , अरुण अहिरवार, दीपक वर्मा, जमुना अहिरवार, हरिश्चंद्र अहिरवार, हीरा लाल अहिरवार, हीईया अहिरवार, दिनेश अहिरवार, संता अहिरवार, राजकुमार रैदास, मनोज रैदास, कैलाश अहिरवार (एडवोकेट), लवकेश अहिरवार, राजेश अहिरवार, राहुल अहिरवार, रावेन्द्र अहिरवार,चन्द्रिका अहिरवार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गांव एवं आसपास के कई अन्य प्रबुद्ध नागरिक, युवा साथी तथा समिति के सहयोगी सदस्य भी मौजूद रहे।

?जल्द बैठक कर बनेगी विस्तृत कार्ययोजना

स्थल निरीक्षण के दौरान प्राथमिक आवश्यकताओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर निर्माण कार्य को गति देने के लिए शीघ्र ही एक वृहद बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में निर्माण कार्य की विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी और दायित्वों का बंटवारा कर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया विजयादशमी उत्सव एवं किया शस्त्र पूजन,मातृशक्ति के आत्मबल, संस्कार, राष्ट्रभक्ति और नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश

कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)

जयसिंहनगर। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति द्वारा जयसिंहनगर में विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति के सामर्थ्य, आत्मरक्षा, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के राष्ट्र निर्माण के विचारों और वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर , जिन्हें सभी आदर पूर्वक मौसी जी कहते हैं, के योगदान का उल्लेख किया गया। बताया गया कि मातृशक्ति को संगठित, संस्कारित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वंदनीय मौसी जी ने विजयादशमी के दिन वर्ष 1936 में राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की।

कार्यक्रम में जयश्री कचेर ने अपने उद्बोधन में विजयादशमी, शस्त्र पूजन और राष्ट्र सेविका समिति के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला।

शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि भारतीय संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र का विशेष महत्व है। शास्त्र हमें ज्ञान और विवेक प्रदान करते हैं, जबकि शस्त्र शक्ति एवं रक्षा के प्रतीक हैं। शक्ति का सदुपयोग सदैव धर्म की रक्षा, अन्याय के प्रतिकार और सज्जनों के संरक्षण के लिए होना चाहिए।

कार्यक्रम के माध्यम से सभी सेविका बहनों ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों की रक्षा, समाज में जागरूकता लाने तथा राष्ट्र सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम में जयश्री दीदी, मुस्कान दीदी, छीती दीदी, पूर्वी दीदी, शशि दीदी, कविता दीदी, संध्या दीदी, शीला दीदी, राजश्री दीदी एवं दीक्षा दीदी सहित राष्ट्र सेविका समिति की सेविका बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने मातृशक्ति के आत्मसम्मान, संगठन, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

लोको ट्रेन से टकराई पिकअप, एक की मौत, 6 घायल : अनूपपुर में फाटक नहीं होने से हादसा; अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई से निकली थी

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

अनूपपुर अनूपपुर के चचाई थाना क्षेत्र में लोको ट्रेन और पिकअप की टक्कर में पिकअप सवार हेल्पर की मौके पर मौत हो गई, जबकि 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा संजय नगर डबल स्टोरी के पास हुआ। घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल अनूपपुर पहुंचाया गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि हेल्पर का सिर धड़ से अलग हो गया। पिकअप में फंसे शव को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। घटना के बाद लोको ट्रेन के संचालन और रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

कोयला लेने जा रही थी लोको ट्रेन

मिली जानकारी के अनुसार, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई से लोको ट्रेन कोयला लेने के लिए संगवा साइडिंग जा रही थी। इसी दौरान संजय नगर डबल स्टोरी के पास तेज रफ्तार से आ रही पिकअप से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल अनूपपुर भिजवाया गया। वहीं, पिकअप में फंसे हेल्पर के शव को जेसीबी की मदद से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

फाटक नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

इस हादसे के बाद लोको ट्रेन के संचालन और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही का आरोप भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, अमरकंटक ताप विद्युत गृह से कोयला परिवहन के लिए चलने वाली लोको ट्रेन का संचालन निजी कंपनी करती है।

सुरक्षा की दृष्टि से कंपनी को जगह-जगह फाटक लगाने की स्वीकृति दी गई थी। आरोप है कि इसके बावजूद कंपनी ने केवल कुछ स्थानों पर ही फाटक लगाए या उनका संचालन किया जा रहा है।

स्थानीय स्तर पर आरोप लगाया जा रहा है कि सभी निर्धारित स्थानों पर फाटक की व्यवस्था नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों और सुरक्षा व्यवस्था में कथित लापरवाही की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

दीपावली को किसी धर्म विशेष की बपौती न बनाएं:- अतर सिंह भारतीय

दीपावली पर क्या करना चाहिए...

1. ज्ञान का दीप जलाएं- सिर्फ मिट्टी के दीये नहीं, शिक्षा और तर्क का दीया भी जलाएं। इस दिन बच्चों को फुले, सावित्रीबाई और बाबा साहब की किताबें उपहार में दें। लक्ष्मी का असली वास वहीं होता है जहाँ सरस्वती यानी शिक्षा का वास होता है।

2. सफाई का सही अर्थ समझें- घर की सफाई के साथ-साथ मन की सफाई भी करें। जात-पात, ऊंच-नीच और अंधविश्वास के कचरे को मन से निकाल फेंके।

3. अपनों को समय दें- मोबाइल और पटाखों के शोर से दूर, परिवार के साथ बैठें। बुजुर्गों का आशीर्वाद लें। कृतज्ञता का भाव रखें - जो है उसके लिए ईश्वर को धन्यवाद दें।

4. स्थानीय और जरूरतमंद की मदद करें- बड़ी कंपनियों से नहीं, कुम्हार से दिये खरीदें। किसी गरीब परिवार के घर में मिठाई, तेल, या बच्चों के लिए कपड़े पहुंचा दें। इससे बड़ी कोई रोशनी नहीं।

5. सुरक्षित दीपावली मनाएं- दीये ऐसी जगह लगाएं जहाँ से आग लगने का डर न हो। बच्चों को अकेले न छोड़ें।

दीपावली पर क्या नहीं करना चाहिए...

1. दिखावे और कर्ज से बचें- उधारी लेकर महंगे पटाखे, जुआ या दिखावटी सजावट न करें। दीपावली कर्ज में डूबने का नहीं, बल्कि समृद्धि का त्योहार है।

2. पटाखों से प्रदूषण न करें- तेज धमाके वाले बम न फोड़ें। इससे बुजुर्गों, बच्चों, मरीजों और जानवरों को बहुत तकलीफ होती है। प्रदूषण से माँ लक्ष्मी नहीं, बीमारी आती है।

3. अंधविश्वास में न पड़ें- इस दिन किसी बाबा, तांत्रिक या ज्योतिषी के कहने पर टोना-टोटका, धन दोगुना करने की पूजा जैसी ठगी में न फंसें। मेहनत ही असली लक्ष्मी है।

4. जुआ और नशा बिल्कुल नहीं- दीपावली की रात जुआ खेलना पुण्य नहीं, बर्बादी का रास्ता है। नशा करके त्योहार की पवित्रता खराब न करें।

5. भेदभाव न करें- दीपावली रोशनी का त्योहार है, जो सबके लिए है। इस दिन किसी को उसकी जाति या गरीबी के कारण अपने घर या खुशियों से दूर न रखें।

मुख्यत- दीपावली का असली संदेश है - अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, और नफरत से प्रेम की ओर जाना। सभी धर्म, पंथ, जाति, वर्ग, सम्प्रदाय से अपील है कि अगर हमने एक भी अंधविश्वास का अंधेरा मिटा दिया, तो समझो सच्ची दीपावली मन गई। दीपावली एक पवन उत्सव है इसे किसी धर्म विशेष से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

शुभ दीपावली !

जनसमस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम समाधान कार्यक्रम में विभिन्न शिकायतकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से करें। शिकायतों का प्रारंभिक स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना, आवास योजना के बिलों में गड़बड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना तथा नल-जल योजना से संबंधित शिकायतों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रभारी डीपीओ श्री ओ.पी. पांडे को संबंधित प्रकरण में कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री अमर दाहिया को नल-जल योजना से संबंधित प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा। ऊर्जा विभाग के उप महाप्रबंधक श्री रघुवीर सिंह को शिकायत का समय पर निराकरण नहीं होने पर लघु शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त श्री सत्येन्द्र धाकरे को नगरीय निकायों से संबंधित प्रकरणों का अभिलेख तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा आमजन से जुड़े मूलभूत विषयों और शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का प्रारंभिक स्तर पर ही समाधान कर दिया जाए, तो शिकायतों की संख्या में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों के कार्यों की निगरानी की जाती है और प्रस्तुत प्रतिवेदनों में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन और प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता के हित में कार्य करना तथा उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करना है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी न हो और प्रत्येक शिकायत का निराकरण संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनविश्वास अभियान के अंतर्गत मुरैना कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, कृषि एवं पशुपालन, सहकारिता, पर्यटन, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन तथा जनसमस्याओं के निराकरण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह समिति जिले के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। जनप्रतिनिधि जिले की आवश्यकताओं, समस्याओं, संभावनाओं और विकास से संबंधित अपने सुझाव समिति के माध्यम से प्रस्तुत करें, ताकि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप योजनाएं तैयार कर उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक जिले को विकास का एक आदर्श मॉडल बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विकास कार्यों की समीक्षा करें, स्थानीय समस्याओं एवं कठिनाइयों को समझें तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और जनहित में नवाचार करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि विकास की योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ आमजन तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को दें प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुरैना जिले में औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। यहां स्थापित हो रही औद्योगिक इकाइयों से स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रस्तावित उद्योगों से उनकी मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी पहले ही प्राप्त कर ली जाए और उसी के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण दिलाया जाए, ताकि इकाइयों में उत्पादन प्रारंभ होने के साथ ही प्रशिक्षित स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लास विनिर्माण इकाई का उदाहरण देते हुए कहा कि इस प्रकार की बड़ी औद्योगिक परियोजनाएं क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा करती हैं। ऐसे उद्योगों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर कुशल मानव संसाधन तैयार करना भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पराली से औद्योगिक उत्पाद तैयार करने वाली इकाइयों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि अपशिष्ट का उपयोग कर नए उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

फलता की कहानी- भावना को मिले विश्वास के पहिए

ग्वालियर

जिस रास्ते पर रोज़ स्कूल जाना भावना के लिए चुनौती था, वही रास्ता अब उसे सपनों की मंज़िल तक ले जाएगा। रौरा के शासकीय हाईस्कूल में 9वी कक्षा में अध्ययनरत दिव्यांग बालिका कु. भावना पाल ने जब ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ के शिविर में अपनी परेशानी रखी, तो उसे सिर्फ सुना ही नहीं गया, उसका समाधान भी हुआ। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर शिविर में ही उसका दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बना और कुछ ही दिनों बाद उसे मोटराईज्ड ट्राइस्किल भी मिल गई।

जब विभागीय अधिकारियों ने स्कूल पहुँचकर उसे यह ट्राइस्किल सौंपी, तो भावना की आँखें खुशी से छलक उठीं। यह सिर्फ एक वाहन नहीं था, यह उस भरोसे की जीत थी जो शासन और आम नागरिक के बीच ÷जन-विश्वास÷ के रूप में मजबूत हो रहा है। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ के तहत जब रौरा गाँव में जिला स्तरीय शिविर लगा, तो कु. भावना पाल ने हिम्मत जुटाकर अपनी व्यथा कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के सामने रखी। भावना की बात सुनकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शिविर में मौजूद मेडीकल बोर्ड के माध्यम से मौके पर ही भावना का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवा दिया। साथ ही सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों को उसे मोटराईज्ड ट्राइस्किल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। गत शुक्रवार को विभागीय अधिकारी स्वयं रौरा के स्कूल पहुँचे और भावना को मोटराईज्ड ट्राइस्किल सौंपी। अपनी नई ट्राइस्किल को सामने देखकर भावना की आँखें नम हो गईं। उसके चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि यह सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि उसके आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की सवारी है। भावना ने भावुक होकर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हम जैसे जरूरतमंदों की मदद करने के उद्देश्य से जन-विश्वास शिविर लगवा रहे हैं। अब हम आसानी से स्कूल पहुँचकर सुचारू रूप से अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। ग्रामवासियों का कहना था कि भावना को मिली सहायता इस बात का प्रमाण है कि ÷मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान÷ केवल एक शिविर नहीं, बल्कि आमजन और शासन के बीच भरोसे का सेतु है।

नरवाई न जलाएं, जे-फार्म ऐप से कृषि यंत्र किराये पर लेकर करें फसल अवशेषों का प्रबंधन

जे-फार्म ऐप से किसानों को आसानी से मिलेंगे कृषि यंत्र, नरवाई प्रबंधन में मिलेगी मदद

ग्वालियर

ग्वालियर जिले के किसान भाईयों से अपील की गई है कि वे फसल कटाई के बाद खेतों में बची पराली व नरवाई को न जलाएं। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है, मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणुओं को नुकसान पहुंचता है और वायु प्रदूषण भी बढ़ता है। इसके स्थान पर किसान आधुनिक कृषि यंत्रों की सहायता से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। इसके लिए किसान जे-फार्म ऐप के माध्यम से अपनी आवश्यकता के अनुसार कृषि यंत्र किराये पर प्राप्त कर सकते हैं। इस आशय की अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाकर किसान भाईयों को नरवाई प्रबंधन के लिये प्रेरित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

कृषि यंत्र किराये पर लेने के लिए जे-फार्म ऐप पर करें पंजीयन, घर बैठे मिलेगी सुविधा

उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री भानुप्रकाश शर्मा ने बताया कि खेतों में नरवाई प्रबंधन सहित अन्य कृषि कार्यों के लिए ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र किसान भाई घर बैठे किराए से ले सकते हैं। इसके लिये उन्हें जे-फार्म सर्विसेज प्लेटफॉर्म के माध्यम से कृषि यंत्र किराये पर लेने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे किसानों को समय पर आवश्यक यंत्र मिल सकेंगे और खेती की लागत कम करने में भी मदद मिलेगी।

जे-फार्म ऐप के माध्यम से कृषि यंत्र किराये पर लेने की प्रक्रिया

किसान भाई अपने एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाकर ÷जे-फार्म सर्विसेज - लाइट÷ ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप का आधिकारिक लिंक है। ऐप खोलकर मोबाइल नंबर दर्ज करें और ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर पंजीयन या लॉगिन की प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद मांगी गई आवश्यक जानकारी भरें। किसान अपने गांव, क्षेत्र और खेत से संबंधित आवश्यक विवरण दर्ज करें, ताकि आसपास उपलब्ध कृषि यंत्रों और सेवा प्रदाताओं की जानकारी प्राप्त की जा सके। कृषि यंत्र चुनें ¬ नरवाई प्रबंधन सहित अपनी आवश्यकता के अनुसार सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, मल्चर या अन्य उपयुक्त कृषि यंत्र का चयन करें। ऐप पर उपलब्ध यंत्रों की जानकारी देखकर अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुनें। यंत्र मालिक या सेवा प्रदाता से संपर्क करें ¬ ऐप पर उपलब्ध जानकारी के माध्यम से संबंधित यंत्र मालिक अथवा सेवा प्रदाता से संपर्क कर यंत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करें। किराये की जानकारी लें ¬ यंत्र बुक करने से पहले किराये, उपलब्धता, सेवा की तारीख और अन्य आवश्यक शर्तों की जानकारी प्राप्त करें। किराये की दर और सेवा की उपलब्धता संबंधित सेवा प्रदाता के अनुसार होगी। बुकिंग की पुष्टि करें ¬ खेत का स्थान, क्षेत्रफल और कार्य की तारीख जैसी आवश्यक जानकारी देकर यंत्र की बुकिंग की पुष्टि करें। यदि ऐप पर ऑनलाइन बुकिंग का विकल्प उपलब्ध नहीं है, तो सीधे सेवा प्रदाता से संपर्क करें। नरवाई का उचित प्रबंधन करें।

ब्राइट फ्यूचर कॉन्वेंट स्कूल भगोरा में बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता और शपथ कार्यक्रम आयोजित

मांचलपुर

बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्राइट फ्यूचर कॉन्वेंट स्कूल, ग्राम भगोरा में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की जिला कोऑर्डिनेटर निकिता मेवाड़े के निर्देशन में कार्यकर्ता नीलेश मालवीय द्वारा विद्यार्थियों को बाल विवाह और बाल श्रम के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। बाल विवाह एवं बाल मजदूरी बच्चों के भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास को प्रभावित करती है। बच्चों को इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने तथा अपने आसपास लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न ही बाल मजदूरी को बढ़ावा देंगे, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

कार्यक्रम में अहिंसा टीम के कार्यकर्ता नीलेश मालवीय, विद्यालय के प्राचार्य हेमंत, शिक्षकों में पवन मालवीय तथा शिक्षिकाओं अर्शी खान, रवीना शर्मा, गायत्री टेलर सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य- बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा बाल विवाह और बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने किया तलेन टप्पा कार्यालय का निरीक्षण

राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आमजन की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को नायब तहसीलदार कार्यालय तलेन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने टप्पा कार्यालय में फोती नामांतरण, बंटवारा सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की भी जानकारी लेते हुए उनके निराकरण की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। आमजन को शासकीय सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी न हो तथा लंबित प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने और नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्रभावी निराकरण कर शासकीय सेवाओं के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत करना है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा आमजन को समय पर राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत राज्यमंत्री ने स्वामित्व योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

ग्राम चैनपुराकलां में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने ब्यावरा विकासखण्ड के ग्राम चैनपुराकलां में स्वामित्व योजना के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पटवारी एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए तथा सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएं। उन्होंने योजना से संबंधित कार्यों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने पर जोर दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुगमता से मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा शासकीय कार्यों में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। इस दिशा में सभी संबंधित अधिकारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे।

श्री बालाजी सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रीराम जन्मोत्सव और भंडारे के साथ धार्मिक महोत्सव संपन्न

पिपरई

पिपरई। नगर के श्री रामलीला मैदान परिसर में आयोजित श्रीराम महायज्ञ एवं श्री बालाजी सरकार के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर श्री बालाजी सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा, प्रसादी वितरण, विशाल भंडारे एवं संत विदाई सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरे आयोजन के दौरान रामलीला मैदान परिसर जय श्रीराम और जय श्री बालाजी सरकार के जयकारों से गूंजता रहा।

महोत्सव के अंतर्गत वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्री बाल बिहारी भृगु दास जी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा का रसपान किया। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। महाराज जी ने बताया कि अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान श्रीराम के जन्म लेते ही संपूर्ण नगरी में आनंद छा गया था। इसी प्रसंग को लेकर श्री रामलीला मैदान में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

नन्हे राघव बने भगवान श्रीराम

श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर परिवार के नन्हे राघव को भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप में सजाया गया। उनकी मनमोहक छवि ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। माताओं-बहनों ने राघव को गोद में लेकर दुलार किया और पालने में झुलाया। श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए तथा परंपरानुसार उपहार एवं रुपये न्योछावर कर अपनी खुशियां व्यक्त कीं। संत-महात्माओं ने नन्हे राघव को स्नेह देते हुए सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

प्राण-प्रतिष्ठा, प्रसादी वितरण और भंडारा

शुक्रवार को श्री बालाजी सरकार की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए

जुआ खेलते मिले 08 व्यक्ति, 25,200 नकद एवं 05 दोपहिया वाहन सहित कुल 2,75,200 का मशरूका जप्त

खिलचीपुर पुलिस की जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 08 जुआरी पकड़े

राजगढ़

थाना खिलचीपुर पुलिस द्वारा जुआ खेलने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए तोपखाना गेट के पास सराय भवन, खिलचीपुर में 08 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से ?25,200 नकद, 03 मोटरसाइकिल एवं 02 स्कूटी, कुल कीमत 2,75,200 का मशरूका जप्त किया।

पलिस अधीक्षक राजगढ अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी खिलचीपुर डी.व्ही.एस. नागर के नेतृत्व में थाना खिलचीपुर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई।

दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर 2026 की दरमियानी रात नवदुर्गा ड्यूटी एवं चुनरी यात्रा ड्यूटी के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति तोपखाना गेट के पास सराय भवन, खिलचीपुर में ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बल एकत्रित कर मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस बल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। मौके से 52 ताश के पत्ते, ?25,200 नकद तथा 03 मोटरसाइकिल एवं 02 स्कूटी जप्त की गईं। कार्रवाई की वीडियोग्राफी ई-साक्ष्य के माध्यम से की गई। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

माह अक्टूबर 2026 की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में लापरवाही एवं कर वसूली में उदासीनता पर सख्त कार्रवाई

राजगढ़

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा जनपद पंचायत जीरापुर एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जीरापुर एवं खिलचीपुर सहायक यंत्री, उपयंत्री जनपद स्तरीय अधिकारी - कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में वीबी. जी रामजी योजना अंतर्गत लेबर नियोजन पूर्व में स्वीकृत कार्यों की पूर्णता, सीपरी पोर्टल पर कार्यों की प्लानिंग, पंचायतीराज अंतर्गत करारोपण एवं कर वसूली, आंगनवाड़ी भवनों, पंचायत भवनों तथा विद्युत देयकों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 के निर्धारित

लक्ष्य के विरुद्ध जारी स्वीकृतियों की ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। शून्य कर वसूली नहीं करने के कारण ग्राम पंचायत बांगपुरा, भगोरा, टपरियाहेड़ी सचिवों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गये, नोटिस के जबाव संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर निलम्बन की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ग्राम रोजगार सहायक बांगपुरा, भगोरा, चौखण्डा, गोविन्दपुरा, टपरियाहेड़ी नोटिस जारी करते हुए जनपद पंचायत मुख्यालय में अटेंच करने के निर्देश दिए गये। जनपद पंचायत खिलचीपुर में कर वसूली की समीक्षा के दौरान कम कर वसूली करने के कारण ग्राम पंचायत सिकन्दरी, धामन्या पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के वेतन रोकने के निर्देश दिए गये। समीक्षा के दौरान कई ग्राम पंचायतों में कर वसूली नहीं किए जाने तथा बैठक में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कार्यों की गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी कार्य में अनियमितता, लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

नवदुर्गा माताजी मंदिर रामगढ़ में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है शारदेय नवरात्रि का पावन पर्व

माचलपुर

समीपस्थ ग्राम रामगढ़ के आगे राजपुरा रोड पर स्थित नवदुर्गा माता जी के मंदिर पर शारदेय नवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही उत्साह धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है प्रतिदिन मां का आकर्षक श्रृंगार किया जाता है जिसमें नवरात्रि के छठे दिन भी विशाल कन्या भोज का आयोजन समस्त ग्राम वासियों एवं दानदाताओं के जन सहयोग से आयोजित किया गया इस आयोजन में ग्राम रामगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा एक से लेकर 12वीं तक की सभी कन्याओं को एवं समीपस्थ ग्राम राजपुरा में भी शासकीय विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्राओं को कन्या भोज के लिए बुलाया गया था दोनों शालाओं की करीबन 500 के लगभग कन्याओं ने मंदिर परिसर में कन्या भोज किया तथा मंदिर समिति द्वारा माताजी का विशेष श्रृंगार किया जाकर खीर पुडी का भोग लगाकर माताजी को चुनरी चढ़ाकर माता जी की पुजारी के द्वारामहा आरती कर प्रसादी वितरण की गई इस बारे में जानकारी देते हुए भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह सोनगरा बना गुरु कृपा के द्वारा बताया कि इस वर्ष ग्राम के सभी दानदाताओं के सहयोग से विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया है

जीरापुर में सुने मकान से 50 लाख की चोरी सगाई समारोह में राजस्थान गया था परिवार जमीन बेचकर दीवान पलंग में रखे थे रुपए पुलिस जांच में जुटी

राजगढ़

जीरापुर नगर के माताजी मोहल्ला में एक सुने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने 50 लाख रुपए की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित परिवार एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने राजस्थान गया हुआ था मिली जानकारी के अनुसार माताजी मोहल्ला निवासी अब्दुल रईस अपने चचेरे भाई की सगाई में शामिल होने के लिए परिवार सहित राजस्थान गए थे देर रात जब परिवार वापस लौटा तो घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए चोरों ने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया इसके बाद कमरे में रखें दीवान पलंग को खंगाल कर उसमें रखें 50 लाख रुपए नगद समेटकर रफू चक्कर हो गए

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारी एडिशनल एसपी के एल बंजारे थाना प्रभारी जीरापुर हुकुम सिंह मीणामौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरियादी अब्दुल रईस ने हाल ही में अपनी जमीन बेची थी जमीन की बिक्री से मिले 50 लाख रुपए उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से घर के दीवान पलंग में रखे थे जिस पर अज्ञात बदमाशों ने हाथ

साफ कर दिया थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस ने मामले को विवेचना में लेते हुए चोरों की तलाश के लिए संदिग्धों से पूछताछ और क्षेत्र में लगे कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विधायक नरसिंहगढ़ शर्मा एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र तलेन का औचक निरीक्षण

राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उप स्वास्थ्य केंद्र तलेन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, गर्भवती माताओं की प्रारंभिक प्रसवपूर्व जांच (ईएनसी) से संबंधित पोर्टल प्रविष्टियों तथा दवाइयों के स्टॉक की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। विधायक नरसिंहगढ़ श्री शर्मा एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ से वन-टू-वन चर्चा कर गर्भवती माताओं की ईएनसी प्रविष्टि, उपलब्ध दवाइयों के भंडारण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती माताओं को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों को अद्यतन रखने पर जोर दिया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि गर्भवती माताओं की ईएनसी से संबंधित जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर समयबद्ध एवं नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने से गर्भवती माताओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी एवं समीक्षा प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।

ऑपरेशन शुद्धि के तहत बोडा पुलिस का प्रहार, 20.39 ग्राम अवैध स्मैक कीमती 02 लाख जप्त 01 आरोपी गिरफ्तार

राजगढ़

राजगढ जिले में पुलिस कप्तान अमित तोलानी द्वारा मादक पदार्थ स्मेक, गांजा, अवैध शराब पर अंकुश एवं प्रभावी कार्रवाई करने हेतु ऑपरेशन शुद्धि अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन में व एसडीओपी नरसिंहगढ रामस्नेहा चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ स्मैक तस्कर पर कार्यवाही कर 01 आरोपी को

गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 20.39 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 200000 /- रुपये जप्त किया है।

दिनांक 15.10.2026 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की प्रेम लीला होटल के पीछे कड़िया सांची कच्ची रोड पर एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक बेच रहा है सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी नैतिक पिता रामवीर सिसोदिया उम्र 18 साल 3 माह निवासी ग्राम हुलखेड़ी को मौके पर पकड़ा व आरोपी के कब्जे से मिली 20.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमती 2 लाख रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया व आरोपी को न्यायालय पेश किया गया

अमरकंटक में ग्रैंड ओपनिंग फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का भव्य शुभारंभ

खेल से मजबूत होगा युवा , समृद्ध बनेगा देश - विधायक मार्को

32 टीमों ने लिया हिस्सा , पहले दिन जटांगा और मरवाही की टीमों ने दर्ज की जीत

अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

अमरकंटक ङ्क मां नर्मदा की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार 22 अक्टूबर को ग्रैंड ओपनिंग फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का शुभारंभ हुआ । स्थानीय हेलीपैड मैदान में आयोजित इस टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला । प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया

कार्यक्रम में पुष्पराजगढ़ विधायक फूंदेलाल सिंह मार्को , नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उईके , शांति कुटी के श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास जी महाराज , पुष्पराजगढ़ के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष संतोष पांडेय , अमरकंटक के व्यवसायी ओमप्रकाश अग्रवाल एवं रंजीत सिंह , आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशुतोष मार्को , महिला कांग्रेस पदाधिकारी नीलू सिंह , विरु तंबोली सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

खेलों से युवाओं में विकसित होती है नेतृत्व क्षमता इस अवसर पर श्रीमहंत स्वामी रामभूषण दास जी महाराज (शांति कुटी) ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का माध्यम नहीं हैं बल्कि इनके जरिए युवाओं में आत्मविश्वास , अनुशासन , नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास होता है । खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें आपसी सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं । वहीं पुष्पराजगढ़ विधायक फूंदेलाल सिंह मार्को ने युवाओं को खेल

गतिविधियों से जोड़ने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से युवा मजबूत बनेंगे और देश समृद्ध होगा । उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं । युवा अपनी मेहनत , लगन और प्रतिभा के दम पर क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन कर सकतें पहले दिन खेले गए दो मुकाबले, जटांगा और मरवाही विजयी टूर्नामेंट के पहले दिन चार टीमों के बीच दो मुकाबले खेले गए । पहले मुकाबले में जटांगा और मेढ़ाखार की टीमें आमने-सामने रहीं , जिसमें जटांगा की टीम ने एक गोल दागकर जीत हासिल की ।

वहीं दूसरे मुकाबले में जटांगा जूनियर और मरवाही की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई । इस मुकाबले में मरवाही की टीम ने दो गोल दागते हुए जीत अपने नाम की । दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

युवाओं को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष विरु तंबोली ने बताया कि टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गणमान्य नागरिकों , खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया था । प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय एवं क्षेत्रीय युवाओं को खेलों से जोड़ना , फुटबॉल के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है । उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं । इस आयोजन से अमरकंटक में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा । ग्रैंड ओपनिंग फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 के शुभारंभ से अमरकंटक में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है । आयोजन को लेकर स्थानीय युवाओं एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है ।

भोपाल में शुक्रवार को होगा राष्ट्रीय फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव-2026

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह करेंगे शुभारंभ

भोपाल

मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन क्षेत्र में निवेश, आधुनिक प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात की संभावनाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से शुक्रवार 23 अक्टूबर को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय %फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव-2026% का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह), केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल और मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री श्री नारायण सिंह पंवार शामिल होंगे।

कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश सहित देश के अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन को आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों, कोल्ड-चेन अधोसंरचना, मूल्य

संवर्धन और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्यात बाजारों से जोड़ना है। सम्मेलन में देश के प्रमुख निवेशक, निर्यातक, मत्स्य उद्यमी, स्टार्ट-अप्स और संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेकर मत्स्य उद्योग में निवेश एवं व्यापार विस्तार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

मध्यप्रदेश में लगभग 4 लाख 50 हजार हेक्टेयर जल क्षेत्र उपलब्ध है, जो अंतर्देशीय मत्स्य पालन, केज कल्चर और मत्स्य आधारित उद्योगों के विकास की व्यापक संभावनाएं प्रदान करता है। राज्य सरकार का प्रयास इस विशाल जल संपदा का बेहतर उपयोग कर मत्स्य उत्पादन के साथ प्रसंस्करण, विपणन और निर्यात को प्रोत्साहित करना तथा मत्स्य पालकों की आय एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है।

कॉन्क्लेव में %मध्यप्रदेश मत्स्य निवेश एवं निर्यात मार्गदर्शिका-2026% तथा अंतर्देशीय राज्यों की मत्स्य निर्यात क्षमता को बढ़ाने से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में एकीकृत केज कल्चर इकाइयों का वर्चुअल उद्घाटन भी होगा। साथ ही प्रदेश के जलाशयों एवं अमृत सरोवरों के एकीकृत विकास से संबंधित परियोजनाओं के प्रशासनिक स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जाएंगे। सम्मेलन में मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य सहकारी समितियों, स्टार्ट-अप्स तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में विशेष बायर-सेलर मीट का भी आयोजन होगा, जिसमें केज इन्वेस्टर्स, एक्सपोर्टर्स और पर्ल ट्रेडर्स स्थानीय उत्पादकों एवं उद्यमियों के साथ व्यापार और निवेश पर सीधा संवाद करेंगे।

कॉन्क्लेव मध्यप्रदेश को अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन के साथ मत्स्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे मत्स्य क्षेत्र में नवीन निवेश आकर्षित करने, आधुनिक अधोसंरचना विकसित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने को गति मिलेगी।

भोपाल रंगमंच केवल बड़े सभागारों और आलीशान मंचों का मोहताज नहीं बल्की ये समाज के बीच पहुंचकर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकता

भोपाल रंगमंच केवल बड़े सभागारों और आलीशान मंचों का मोहताज नहीं बल्की ये समाज के बीच पहुंचकर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा सकता है इसी विचार को साकार करते हुए भोपाल की एक झुग्गी बस्ती हसनात नगर मे भोपाल संस्कार कला निकेतन कल्चर एंड सोशल वेलफेयर समिति ने मुंशी प्रेमचंद की कालजयी कहानी कफ़न का नाट्य मंचन किया इस का निर्देशन फरहान बेग ने किया इस अनूठी पहल के माध्यम से रंगमंच को सभागारों से निकालकर सीधे आम लोगों के बीच पहुंचाने का प्रयास किया गया लेकिन इस आयोजन ने रंगमंच को सीधे बस्ती के लोगो के बीच लाने का प्रयास किया सीमित संसाधनों के बीच तैयार किए गए मंच और रोशनी की व्यवस्था ने इस आयोजन को एक अलग पहचान दी

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक** : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)